**डॉ० एस० सिद्धार्थ,** भा०प्र०से०
अपर मुख्य सचिव
शिक्षा विभाग,
बिहार सरकार

बिहार सरकार

विकास भवन, पटना - 800 015
फोन : 0612 - 2217016 (कार्यालय)
फैक्स : 0612 - 2235108
ई-मेल : secy-edn-bih@nic.in

पत्रांक : 07/जी०  पटना/दिनांक : 06/02/2025

सेवा में,

**जिला शिक्षा पदाधिकारी,**
पटना, नालंदा, वैशाली, जहानाबाद, सारण एवं भोजपुर।

**विषय :** **पायलट प्रोजेक्ट के रूप में जिला के 5–5 सरकारी विद्यालयों में कक्षा 03 में अध्ययनरत विद्यार्थियों का टैबलेट के माध्यम से ऑनलाइन दैनिक उपस्थिति दर्ज कराने के संबंध में।**

प्रसंग :– अधोहस्ताक्षरी का पत्रांक–77/गो०, दिनांक–11/06/2024।

**महाशय,**

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र का संदर्भ लेना चाहेंगे, जिसके माध्यम से अवगत कराया गया था कि e-shikshakosh मोबाईल ऐप के माध्यम से विद्यार्थियों की प्रतिदिन ऑनलाइन उपस्थिति प्राप्त करने के लिए सभी सरकारी विद्यालयों को टैबलेट उपलब्ध कराने हेतु कार्रवाई की जा रही है। इस क्रम में अंकित करना है कि उपरोक्त वर्णित 6 जिलों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में 5–5 सरकारी प्रारंभिक विद्यालयों में कक्षा 03 में अध्ययनरत विद्यार्थियों का टैबलेट के माध्यम से e-shikshakosh पोर्टल पर ऑनलाइन दैनिक उपस्थिति दर्ज कराने तथा उनके मूल्यांकन (अर्द्धवार्षिक/वार्षिक) के परिणाम, अकादमिक सत्र में पूर्ण किये गये पाठ्यक्रम/पाठों का विवरण आदि को संधारित करने का निर्णय लिया गया है। इस पायलट प्रोजेक्ट के तहत विद्यार्थियों के ऑनलाइन विद्यार्थीवार उपस्थिति एवं अन्य कार्यों हेतु निम्नांकित निदेश दिये जाते है :–

1. इस पायलट प्रोजेक्ट हेतु बिहार शिक्षा परियोजना परिषद् के राज्य स्तरीय कार्यालय द्वारा उपरोक्त वर्णित 6 जिलों को 05–05 टैबलेट (प्रत्येक प्रखंड एक) उपलब्ध कराया जायेगा। संबंधित जिला के जिला शिक्षा पदाधिकारी विशेष दूत के माध्यम से दिनांक 08.02.2025 तक परिषद् के राज्य स्तरीय कार्यालय से टैबलेट प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे।

2. पायलट प्रोजेक्ट हेतु 05 सरकारी प्रारंभिक विद्यालय (03 मध्य विद्यालय एवं 02 प्राथमिक विद्यालय) का चयन बिहार शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा किया जायेगा।

3. संबंधित जिला के जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा मुख्यालय से प्राप्त टैबलेट को चयनित 05 सरकारी प्रारंभिक विद्यालय (03 मध्य विद्यालय एवं 02 प्राथमिक विद्यालय) को उपलब्ध कराया जायेगा। विद्यालय स्तर पर यह टैबलेट कक्षा 03 के वर्ग शिक्षक की अभिरक्षा में रहेगा।

## विद्यार्थियों की उपस्थिति

4. इन चयनित विद्यालयों के कक्षा 03 के सभी छात्र–छात्राओं का विवरण, जो ई–शिक्षाकोष पोर्टल पर उपलब्ध है, के आधार पर कक्षा 03 के वर्ग शिक्षक द्वारा दिनांक 10.02.2025

से प्रतिदिन प्रथम घंटी में ऑनलाइन उपस्थिति टैबलेट के माध्यम से दर्ज की जायेगी। साथ ही कक्षा 03 के वर्ग शिक्षक प्रतिदिन टैबलेट के माध्यम से एक क्लास का फोटोग्राफ खींचकर, जिसमें कक्षा में उपस्थित सभी विद्यार्थी आच्छादित हो, e-shikshakosh पोर्टल पर अपलोड करेंगे।

**विद्यार्थियों का मूल्याकंन**

5. चयनित विद्यालयों के कक्षा 03 में अध्ययनरत विद्यार्थियों के अर्द्धवार्षिक /वार्षिक परीक्षा के परिणाम को वर्ग शिक्षक द्वारा टैबलेट के माध्यम से प्रविष्ट किया जायेगा।

**पाठ्यक्रम के पूर्णता की स्थिति**

6. चयनित विद्यालयों के कक्षा 03 के वर्ग शिक्षक द्वारा प्रत्येक माह की समाप्ति के उपरांत अकादमिक सत्र में पूर्ण किये गये विषयवार पाठ्यक्रम/पाठों का विवरण अद्यतन किया जायेगा।

**चेतना सत्र का फोटो**

7. चयनित विद्यालयों के प्रधानाध्यापक/प्रभारी प्रधानाध्यापक अथवा कक्षा 03 के वर्ग शिक्षक द्वारा चेतना सत्र के दौरान टैबलेट के माध्यम से प्रतिदिन चेतना सत्र का आगे से एवं पीछे से लिया गया 01–01 फोटो e-shikshakosh पोर्टल पर अपलोड किया जायेगा।
8. इस पायलट प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन के संबंध में दिनांक 08.02.2025 को अपराह्न 04:00 बजे से ऑनलाइन प्रशिक्षण का आयोजन किया जायेगा, जिसमें सभी चयनित विद्यालयों के प्रधानाध्यापक/प्रभारी प्रधानाध्यापक एवं कक्षा 03 के वर्ग शिक्षक तथा संबंधित जिला के जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (EE & SSA) भाग लेंगे।

अतएव उपरोक्त के आलोक में तद्नुसार कार्रवाई सुनिश्चित करायी जाय।

विश्वासभाजन,

6/2/2025

(डॉ० एस० सिद्धार्थ)
अपर मुख्य सचिव

ज्ञापांक 07/जि0 / पटना, दिनांक 06/02/2025

प्रतिलिपिः– सभी क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक, शिक्षा विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

6/2/2025

अपर मुख्य सचिव

ज्ञापांक 07/जि0 / पटना, दिनांक 06/02/2025

प्रतिलिपिः– सचिव, शिक्षा विभाग/राज्य परियोजना निदेशक, बी0ई0पी0/निदेशक, एस0सी0ई0आर0टी0/निदेशक, माध्यमिक शिक्षा/निदेशक, प्राथमिक शिक्षा/निदेशक, मध्याह्न भोजन योजना, शिक्षा विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

6/2/2025

अपर मुख्य सचिव